## खबर संक्षेप

### पेंशन चालू कराने वृद्धा को यूपी से बार-बार आना पड़ रहा छिंदवाड़ा

**परासिया** । वेकोली से रिटायर्ड कामगार की लगभग 70 वर्षीय वृद्धा को अपनी पेंशन चालू कराने के लिए उत्तर प्रदेश (यू पी ) से बार - बार फण्ड ऑफिस छिंदवाड़ा आना पड़ रहा है । जहां से वृद्धा को हर बार पेंशन चालू हो जाने का आश्वासन ही मिल रहा है ।वृद्धा नयनवती का पति रामजी शिवपुरी कोयला खदान से रिटायर्ड हुआ था । जिसकी मृत्यु के बाद उसकी पत्नी को 2 हजार रूपये महीना पेंशन मिलना शुरू हुआ । बीते ढाई सालों से वृद्धा को पेंशन नहीं मिल रही है । जिसका कारण जानने और पेंशन चालू कराने के वृद्धा यू पी से चार बार छिंदवाड़ा फण्ड ऑफिस आई , लेकिन वहां के अधिकारियों के द्वारा हर - बार वृद्धा को पेंशन चालू हो जाएगी कहकर निराश लौटा दिया जा रहा है ।

### विधानसभा प्रभारी ने मण्डल अध्यक्ष को बांधी राखी



**परासिया** । परासिया विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया ने गुरुवार को पगारा ग्रामीण मण्डल अंतर्गत ग्राम पंचायत इकलेहरा में मण्डल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव सहित कार्यकर्ताओं को राखी बांधी । इस दौरान पगारा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव , इकलेहरा ग्राम जनपद एवं मंडल उपाध्यक्ष विजय साहू , इकलेहरा ग्राम सरपंच साधना दास , अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमंत चौहान , महामंत्री जगदीश डेहरिया , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुकुल साहू , महामंत्री अमित यादव , महामंत्री भूरा कौरव , विकास अग्रवाल , सतीश बारमैया , दयाशंकर साहू , शिव महंगिया , शैलेंद्र डांडिया , निखिलेश डेहरिया , मनोज साहू , अंसार सिद्दीकी , राजेश डेहरिया , पुनीत पुरी , छोटू नाविक, दिलीप और हेमंत मौजूद रहे ।

## जिले में सबसे अधिक होम स्टे शुरू, गांवों से पलायन रुक रहा, युवाओं में उच्च शिक्षा की ललक बढ़ी

# पर्यटकों को भा रहे हैं होम स्टे, ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए छिन्दवाड़ा जिले के पर्यटन ग्रामों के होम स्टे देश-प्रदेश के पर्यटकों को खूब भा रहे हैं। हर वीकेंड यहां सैलानियों की अच्छी खासी आवाजाही हो रही है। पर्यटक गांवों में रुककर न सिर्फ ग्रामीण जीवन का अनुभव ले रहे हैं, बल्कि जनजातीय संस्कृति, खानपान और परंपरागत गतिविधियों से भी जुड़ रहे हैं।

सतपुड़ा की वादियों के बीच बसे इन पर्यटन ग्रामों में बने होम स्टे परंपरा और आधुनिक सुविधाओं का संगम हैं। यहां आने वाले पर्यटक खुद को प्रकृति की गोद में पाते हैं। जिले के 12 गांवों को पर्यटन ग्राम के रूप में चयनित किया गया है, जहां 100 से अधिक होम स्टे तैयार किए जाने हैं। इनमें से 7 गांवों – सावरवानी, देवगढ़, काजरा, गुमतरा, चोपना, चिमटीपुर और धूसावानी – में 36 होम स्टे पर्यटकों के लिए खोले जा चुके हैं।

इन प्रयासों को कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। दोनों अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया है कि हर पर्यटन ग्राम में आने वाले पर्यटकों को परंपरा और आधुनिकता का संतुलित अनुभव मिले और ग्रामीणों को इसका प्रत्यक्ष लाभ भी हो।

### गांव में रुका पलायन, बढ़ा शिक्षा का रुझान

होम स्टे खुलने से ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार मिलने लगा है। स्थानीय स्तर पर आय बढ़ने से आदिवासी परिवारों का पलायन रुक गया है। वहीं गांव की तरक्की देखकर अब युवा उच्च शिक्षा की ओर भी बढ़ रहे हैं, ताकि वे पर्यटन से जुड़ी संभावनाओं का और बेहतर लाभ उठा सकें।

### ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार

पर्यटन ग्रामों में आने वाले सैलानी गांव में उगाई सब्जियों और अनाज का सेवन करते हैं। गाइड के रूप में गांव के युवा, बैलगाड़ी संचालन, लोक नृत्य और भजन मंडली की प्रस्तुति देने वाले ग्रामीणों को सीधे पर्यटकों से भुगतान मिलता है। इससे गांवों में अतिरिक्त आय के अवसर भी बढ़ रहे हैं।

### हर पर्यटन ग्राम की अपनी पहचान- छिंदवाड़ा का हर पर्यटन ग्राम अपनी विशेषता लिए हुए है।

चोपना – साल के जंगल और देवना नदी का अद्भुत नजारा।
चिमटीपुर – पातालकोट की रहस्यमयी वादियां।
गुमतरा – ऑफ-बीट डेस्टिनेशन, पेंच नेशनल पार्क के करीब।
देवगढ़ – गोंड शासन का ऐतिहासिक किला।
काजरा – मंधान डेम के बैक वॉटर का सौंदर्य।
धूसावानी – आम के बगीचे और चौरागढ़ महादेव का दृश्य।

### चोपना और चिमटीपुर हुए गुलजार

भोपाल मार्ग पर साल के जंगल के बीच बसे चोपना और पातालकोट के चिमटीपुर गांव के होम स्टे हाल ही में पर्यटकों से गुलजार रहे। भोपाल व इंदौर से आए परिवारों ने यहां ग्रामीण परिवेश को करीब से जिया। गाय का दूध दुहना, बैलगाड़ी की सवारी, ट्रैकिंग और लोकनृत्य-लोकसंगीत जैसी गतिविधियों ने उन्हें खासा लुभाया।

### धूसावानी से दिखता चौरागढ़

धूसावानी गांव के होम स्टे परिसर से पचमढ़ी का प्रसिद्ध चौरागढ़ महादेव मंदिर साफ दिखाई देता है। यहां आम के बगीचे, झरने और घाटियों में फैला कोहरा पर्यटकों के लिए खास आकर्षण है। बरसात और ठंड के मौसम में यहां का नजारा बेहद रोमांचक होता है।

### होम स्टे की खासियत

होम स्टे में पर्यटक गाय का दूध दुहने, बैलों को खिलाने, खेत के छोटे कामों में हाथ बंटाने और पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करने जैसे अनुभव जीते हैं। ढोलक-मानजीरे के साथ भजन और कर्मा नृत्य मंडलियों की प्रस्तुति भी पर्यटकों को आकर्षित कर रही है। कई परिवार यहां बार-बार लौटकर आ रहे हैं। "गांव की पगडंडियों पर जो सुकून है,वो शहर की गलियों में कहां।"

## पत्रकारवार्ता में बोले प्रदेश अध्यक्ष बलदास डेहरिया

# संगठन अलग हो सकते हैं, मगर विचारधारा है एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मेहरा समाज महासंघ अब संपूर्ण प्रदेश के समतामूलक समाज के निर्माण के लिए आगे आया है, और महासंघ के माध्यम से बटे हुए समाज को जोड़कर एक मंच में लाने का काम करेंगे, क्योंकि विभिन्न समतामूलक समाजों को एक सूत्र में करने में सरकारी असफल साबित हुई है। लेकिन अब हम सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध युद्ध छेड़ते हुए विभिन्न संगठनों में बटे समाज को एक मंच पर लाने के लिए प्रयास करेंगे। उक्त विचार आज छिंदवाड़ा प्रेस क्लब भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित करते हुए मेहरा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता बलदास डेहरिया ने व्यक्त किए। इस अवसर पर मेहरा महासंघ महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री कमला डेहरिया और कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेलाल भावरकर मौजूद रहे।

वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता बलदास डेहरिया ने कहा कि संगठन अलग-अलग हो सकते हैं पर हमारी विचारधारा एक है। बाबा साहब के विचारों का अनुसरण करने वाली सोच है। उन्होंने कहा कि मेहरा महासंघ का उद्देश्य मेहरा- डेहरिया समाज संगठनो को एक कर उन्हें साथ लेकर चलना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही मध्य प्रदेश में संगठन का विस्तार किया जाएगा। इसके बाद छत्तीसगढ में विस्तार होगा।

अवसर पर महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री कमला डेहरिया ने कहा कि महासंघ के माध्यम से समाज में एकता आए और समाज को मजबूती प्रदान की जाए, इस पर काम किया जाएगा। वहीं महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय मेहरा महासंघ वर्ष 2004 से काम कर रहा है, जिसमें लाखों की तादाद में सामाजिक लोग जुड़े हैं। 6 वर्गों को मिलाकर महासंघ में लाखों सदस्य जुडे हुए हैं। उन्होंने कहा महासंघ मुख्य रूप से शिक्षा रोजगार और समाज में फैली कुरीतियों पर काम कर रहा है, और मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान एवं महाराष्ट्र में मेहरा महासभा अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

# प्राथमिक शिक्षक निलंबित, निलंबन अवधि में हर्रई होगा कार्य क्षेत्र

**परासिया**। परासिया विधानसभा के एक छात्रावास में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक को सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग के द्वारा निलंबित किया गया है । यह निलंबन तीन संतान मामले से जुड़ा है ।निलंबन अवधि तक शिक्षक का कार्य क्षेत्र हर्रई विकास खंड में होगा ।मिली जानकारी के अनुसार परासिया विधानसभा की ग्राम पंचायत अंबाड़ा में स्तिथ आदिवासी बालक आश्रम में पदस्थ शिक्षक राजकुमार डेहरिया की तीन संतान होने को लेकर बड़कुही निवासी प्रमोद शर्मा के द्वारा 181 पर शिकायत की गई थी । जिसके आधार पर सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा ने शिक्षक को 17 जुलाई 25 को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था । शिक्षक ने 29 जुलाई 25 को कार्यालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत किया । जो संतोषजनक नहीं होने पर सहायक आयुक्त ने 19 अगस्त 25 को शिक्षक राजकुमार डेहरिया का निलंबन आदेश जारी किया । बता दें , कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा 26 जनवरी 2001 के बाद शासकीय नौकरियों में पदस्थ कर्मचारियों की तीसरी जीवित संतान होने पर प्रतिबन्ध लगाया है ।

## पांढुर्णा जिले के क्षेत्रों में अवैध शराब के अड्डों पर दबिश देकर 4500 कि.ग्रा. महुआ लाहन किया गया नष्ट

# 45 लीटर हाथ भट्टी महुआ निर्मित कच्ची शराब की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



पांढुर्णा जिले में आयोजित होने वाले गोटमार उत्सव एवं पोला पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आज कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में पांढुर्णा जिले के आबकारी बल एवं पुलिस बल के द्वारा पांढुर्णा जिले के नीलकंठ, देवनाला, तीनखेड़ा एवं रैयतबाड़ी के नदी-नालों के झाड़ियों में बन रहे अवैध शराब के अड्डों पर दबिश देकर 4500 कि.ग्रा. महुआ लाहन नष्ट किया गया एवं 45 लीटर हाथ भट्टी महुआ निर्मित कच्ची शराब बरामद की गई। इस कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक श्री नरेंद्र कुमार नागेश, आबकारी आरक्षक श्री मुकेश राहंगडाले, सुश्री श्रद्धा राहंगडाले एवं थाना पांढुर्णा के पुलिस आरक्षक श्री नीतेश रघुवंशी व श्री ओमवीर जाट उपस्थित रहे।

### सड़क निर्माण कार्यों में लापरवाही पर महाप्रबंधक को कारण बताओ नोटिस

छिन्दवाड़ा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना के अंतर्गत अमरवाड़ा-चौरई मार्ग से घुघरलाकला मार्ग निर्माण कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी एवं असंतोषजनक पाए जाने पर कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने परियोजना की महाप्रबंधक श्रीमती कविता पटवा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने आज हुई कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में आयोजित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में बताया कि उक्त मार्ग का निर्माण अप्रैल 2022 तक पूर्ण होना निर्धारित था, किंतु आज दिनांक तक कार्य अपूर्ण है। पूर्व में निरीक्षण एवं बैठकों के दौरान कई बार निर्देश देने के बाद भी निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्था प्रमुख होने के नाते कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराना महाप्रबंधक की जिम्मेदारी है। जारी नोटिस में कहा गया है कि कार्यों में रुचि न लेना एवं नियमित पर्यवेक्षण न करना शासन और उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना है तथा यह कदाचरण की श्रेणी में आता है, जो म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के अंतर्गत दंडनीय है। इस पर तीन दिवस में लिखित उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषप्रद उत्तर न मिलने की स्थिति में उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 350 पौधों का रोपण




छिंदवाड़ा। नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा शासन द्वारा निर्देशित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर गुरुवार को सोनपुर मल्टी पार्क परिसर में 350 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर आम, जामुन, करंज और गुलमोहर जैसे फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए गए।पौधरोपण कार्यक्रम में नगर निगम के सहायक यंत्री विवेक चौहान, उद्यान प्रभारी शिवप्रसाद पंद्राम, सिटी मिशन मैनेजर उमेश पयासी, डॉ. सेवंती पटेल एवं उज्ज्वला आजीविका स्व-सहायता समूह की सदस्याएँ उपस्थित रहीं और सक्रिय भागीदारी निभाई।इसके अलावा कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन प्रीति डोलेकर, सामुदायिक संगठक धर्मेंद्र डहरिया और उद्यान शाखा के कर्मचारी भी इस पहल का हिस्सा बने।नगर निगम द्वारा संचालित यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की पहलें न केवल शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाएंगी, बल्कि नागरिकों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से गौ माता की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात नीमढाना पन्नू ढाबा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। सड़क किनारे घूम रही एक गौ माता को तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि गौ माता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।




घटना की सूचना मिलते ही श्री श्याम गौ सेवा टीम के गौ रक्षक कृष्ण ठाकुर अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुँचे। टीम ने आसपास के ग्रामीणों की मदद से गाय के शव को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू की। इस दौरान ग्राम पंचायत पुरैना के सरपंच लोकेश धुर्वे भी उपस्थित रहे और विधिवत रीति-रिवाज के साथ गौ माता का अंतिम संस्कार किया गया।ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में लगातार तेज़ रफ्तार वाहन चलने से आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। बावजूद इसके अब तक प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

इस घटना से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है और उन्होंने मांग की है कि इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड और सख़्त निगरानी की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।गौ माता की असामयिक मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर यह संकल्प लिया कि गौ रक्षा और सड़क सुरक्षा दोनों के लिए वे लगातार आवाज़ उठाते रहेंगे।

# ट्रांसपोर्ट नगर की निविदा में गड़बड़ी

## चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने का पार्षद ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

निविदाओं के प्रकाशन में गंभीर अनियमितता और गड़बड़ी होने का आरोप पार्षद संदीप सिंह चौहान ने लगाया है। ट्रांसपोर्ट नगर के लिए प्रकाशित इस टेंडर में व्यक्ति विशेष को आर्थिक लाभ देने का प्रयास हुआ है जिसकी शिकायत पार्षद द्वारा की गई है जो कि जांच का विषय है। फिर भी अगर पार्षद के आरोप सही निकलते है तो निगम द्वारा निकाली गई कई तरह की निविदाएं संदेह के घेरे में आ सकती है।

एनआईटी क्रमांक 382 ट्रांसपोर्ट नगर वार्ड 24 में जो निगम द्वारा लगाया गया है। उसमें ऐसा प्रतीत होता है कि यह टेंडर किसी विशेष व्यक्ति या विशेष कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाने हेतु लगाया गया है। क्योंकि जो शर्ते निगम द्वारा रखी गई है। वो पूर्व में 2 करोड़ रुपए तक के अंदर के टेंडर में आज तक किसी भी चीजों में इनका उल्लेख नहीं है। किन नियमों के तहत आपने यह विशेष शर्ते इस टेंडर में डाली है। 5 टिप्पर,5 वाटर टैंकर और 1 मोटर ग्रेडर इन तीनों ही उपकरणों में किसी तरह की क्षमता का उल्लेख नहीं किया गया। इसमें टेंडर में शामिल होने वाले प्रतियोगी गुमराह हो रहे है। आपने एनेक्जर 1 के फार्मेट 1/5 के अनुसार मशीन के ऑनरशिप अर्थात स्वामित्व मांगा है। जो किसी भी प्रकार से उचित नहीं ठहराया जा सकता। कोई भी ठेकेदार वर्क ऑर्डर के आधार गाड़ियों को खरीदना या किराए से लेकर काम कर सकता है। अगर हम अन्य विभागों की बात करे।

जैसे आरईएस, पीडब्ल्यूडी,डब्ल्यू आर डी इन विभागों में इससे अधिक के टेंडरों में इस प्रकार की शर्ते भी नहीं डाली जाती। इससे यह प्रतीत हो रहा है कि यह किसी विशेष व्यक्ति या व्यक्ति के कंपनी को लाभ पहुंचाने हेतु इसी शर्तों को जोड़ा जा रहा है। जिससे बाकी के ठेकेदार है वह टेंडर में सम्मिलित न हो पाए। महोदय यदि इस तरीके की गाड़ियों के साथ यह टेंडर आएगा तो हम न्यायालय के समक्ष जाएंगे।

अतः इन्हें निरस्त कर पुनर्विचार कर इस टेंडर को लगाए। आवेदन की प्रतिलिपि आईएनसी नगरीय प्रशासन भोपाल,सीई नगरीय प्रशासन जबलपुर एवं जिला कलेक्टर महोदय को प्रेषित कर रहे है। नियमानुसार इस टेंडर को लगाए जाए।

### इनका कहना है

निविदा नियमानुसार ही की गई है। उसमें अलग से कुछ भी नहीं जोड़ा गया है। कार्य को शीघ्र करना है। जो भी किया गया है वह नियम अनुसार सही है।

सी.पी. राय, आयुक्त नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा

# नायब तहसीलदार के खिलाफ लामबंद हुए ड्राइवर

## कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया तहसीलदार में पदस्थ नायब तहसीलदार के खिलाफ , ड्राइवर यूनियन , ट्रेड यूनियन और रोड कंस्ट्रक्शन से जुड़े लोग लामबंद हो गए हैं । उन्होंने नायब द्वारा एक ट्रक चालक से मारपीट किए जाने पर एफ आई आर कर कार्यवाही किए जाने को लेकर कलेक्टर , पुलिस अधीक्षक और परासिया एस डी ओ पी को ज्ञापन दिया है ।

गौरतलब है , कि मंगलवार 19 अगस्त को ट्रक चालक विशाल सारेनकर ने परासिया पुलिस थाने में लिखित शिकायत दी , कि वह बी जी कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत है । वह मंगलवार को ट्रक क्रमांक एम एच 40 सी एम 5013 में गिट्टी लेकर छिंदवाड़ा से परासिया आ रहा था । कोसमी मंदिर के समीप नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी और पटवारी रामा टांडेकर ने उसका वाहन रुकवाया और रॉयल्टी आदि के दस्तावेज देखे । इसके बाद तहसीलदार और पटवारी दोनों उसके साथ गाली गलौच करने लगे और उसे मारा भी ।

यह घटना आसपास लगे सी सी टी वी में कैद भी हुई । अगले दिन यह जानकारी लोगों को पता चली तो ड्राइवर यूनियन , ट्रेड यूनियन और रोड कंस्ट्रक्शन एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने घटना की निंदा करने के साथ साथ मामले की निष्पक्ष जांच कर तहसीलदार और पटवारी के खिलाफ ठोस करवाई की मांग की । रोड कंस्ट्रक्शन यूनियन के जरयाब खान और ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष देवेंद्र डेहरिया ने कहा है , कि यह अक्सर देखने को मिल रहा है , कि नायब तहसीलदार के द्वारा लगातार रेत , गिट्टी परिवहन करने वालों को परेशान किया जा रहा है।

वैध दस्तावेज और रॉयल्टी होने के बावजूद प्रकरण बनाये जा रहे है । राशि की मांग भी की जाती है । उन्होंने बताया , कि प्रशासनिक अधिकारियों की ऐसी ज्यादती पर अंकुश लगाने और उक्त चालक के साथ हुए अन्याय के खिलाफ न्याय के लिए कलेक्टर , एस पी और डी एस पी से गुहार लगाई गई है । उन्हें उम्मीद है , कि प्रशासन उन्हें न्याय दिलाएगा ।

## घरों से निकलने वाले कचरे को नदी नालों में फेंकना लोगों की बनी मजबूरी

# सचिव की लापरवाही से स्वच्छ भारत मिशन के डस्टबिन कबाड़ में हो गए तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




तामिया ग्राम पंचायत में पदस्थ रहे तत्कालीन सचिव का विवादों एवं भ्रष्टाचार से गहरा नाता रहा है। इनकी विवादित कार्य प्रणाली के कारण पंचायत हमेशा विवादों में रही। ग्राम पंचायत के द्वारा हमेशा जन विरोधी कार्य प्रणाली अपनाई गई। प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन योजना का पूर्व सचिवों के बेहतरीन क्रियान्वयन के चलते तामिया को स्वच्छ बनाए रखा। जिस कारण इस ग्राम पंचायत को ओडीएफ का तमगा हसिल हुआ था, लेकिन डोब ग्राम पंचायत सचिव को जब प्रभार मिला तब से स्वच्छ भारत मिशन की अनदेखी होती चली आ रही है! और तामिया में जगह-जगह गंदगी पसरी पड़ी देखी जा सकती है। वहीं सार्वजनिक स्थान एवं शालाओं आंगनबाड़ियों में स्वच्छता की दृष्टि से डस्टबिन स्टैंड सहित टांगे गए थे, लेकिन पंचायत सचिव की लापरवाही से इक्का-दुक्का जगह छोड़कर यह डस्टबिन कहीं नजर नहीं आते हैं। इस कारण इन स्थानों पर भी कचरा सचिव की लापरवाही से फैलता है। स्टैंड वाले डस्टबिन का नजारा किसी को देखना है तो ग्राम पंचायत के सामने कई महीनो से यह स्टैंड डब्बे सहित ग्राम पंचायत के सामने कबाड़ में पड़े हुए हैं। इस कारण लोगों को अपने घरों से निकलने वाले कचरे को नदी नालों में फेंकना मजबूरी बन गई है, जिससे नदी भी प्रदूषित हो रही है और स्वच्छता अभियान की अनदेखी हो रही है।

इस तरह ग्राम पंचायत तामिया के तत्कालीन सचिव की लापरवाही का नतीजा स्वच्छ भारत मिशन की योजना को गंदगी के रूप में उठाना पड़ रहा है। मुख्यालय ग्राम पंचायत के यह आलम है तो अन्य ग्राम पंचायतो में स्वच्छता मिशन का आलम क्या होगा। अंदाज़ा आसानी से लगाया जा सकता है।

## पांढुर्ना में विश्वप्रसिद्ध गोटमार मेले का आयोजन

# गोटमार मेला कलः मोहब्बत की याद में फिर बहेगा लहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल 23 अगस्त को पांढुर्ना में विश्व प्रसिद्ध गोटमार मेले का आयोजन होने जा रहा है। पूरे विश्व में अनोखे इस गोटमार मेले में हर वर्ष की भांति कल भी मोहब्बत की याद में लोग खुशी से अपना लहू बहाएंगे। गोटमार मेला अर्थात पत्थर मारनेवालों का मेला और मेले के दौरान लोग एक दूसरे को खूब पत्थर मार मार कर घायल कर देते है। कुछ लोग मेले में एक दूसरे को पत्थर मारने की बुरी प्रथा को खत्म करने की पक्षधर है लेकिन कुछ लोग इसे धर्म और आस्था का प्रतीक मानते हुए इस अनोखेपन के जीवंत रखने की बात करते है। बाप दादाओं द्वारा बताई जा रहे किस्से कहानियों के मुताबिक जाम नदी के किनारे पर एक भव्य किला था जिसके आजू बाजू पिंडारियों की बस्ती थी। यहां पर दूसरी बडी बस्ती यादवों की भी थी। वाद विवाद के दौरान पिंडारी तीर कमान से यादवों पर हमला करते और यादव पथराव कर उनका प्रतिकार करते। कालांतर में यह क्षेत्र नागपुर के राजा भोसले के अधिन हो गया। राजे भोसले ने इस क्षेत्र में दलपत शाह जाटबा को क्षेत्र में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया।

इनका शासन देवगढ से लेकर मोहगांव हवेली तक फैला था। दलपत शाह मां चंडिका का अनन्य भक्त था। आज भी गुजरी बाजार क्षेत्र में किले के करीब चंडी माता का मंदिर है जो गोटमार में विश्वास रखने वालों के लिए आस्था का केंद्र है। किवदंती के अनुसार गोटमार मेले की शुरूआत 16 वीं और 17 वीं शताब्दी के बीच हुई है। बीते 40-50 साल के रिकॉर्ड के अनुसार आज तक गोटमार मेले में पत्थरबाजी के कारण अनेक लोगों को जान से हाथ धोना पडा है। इसके अलावा सैकडों लोगों ने अपनी आंख, पैर, हाथ और दांत जीवन भर के लिए गंवा दिए है। इसके बाद भी गोटमार का जुनून कम होता नहीं दिख रहा है।

## ग्राम रक्षा समिति में शामिल हुए 25 ग्रामीण



**सिंगोड़ी** : सिंगोड़ी चौकी क्षेत्र के ग्राम जमुनिया में वोकल फॉर लोकलप्रोग्राम के तहत बुधवार को 25 ग्रामीण ग्राम रक्षा समिति में शामिल किया गया है। अमरवाड़ा एसडीओपी कल्याणी बरकड़े ने ग्राम रक्षा समिति में शामिल ग्रामीणों को आई कार्ड वितरित किए। उन्होंने ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को उनके कर्तव्यों के साथ गांव की रखवाली, अपराधों की रोकथाम के लिए गश्त, प्राकृतिक आपदाओं में पुलिस की सहायता कैसे करें। इन सभी मुद्दों से समिति सदस्यों को अवगत कराया। सिंगोड़ी चौकी प्रभारी पंकज राय ने गांव के लोगों से सीसीटीवी कैमरे लगाने लगातार प्रोत्साहित किया जाता रहा है, फलस्वरूप गांव के मुख्य मार्ग समेत पांच स्थानों पर ग्रामीणों ने कैमरे लगाए है। इस अवसर पर अन्य ग्रामीण भी शामिल रहें।

## सिद्ध हनुमान मंदिर टेकडी दमुआ में श्रवण मास से अनवरत अखण्ड रामायण का कार्यक्रम जारी



**दमुआ।** श्री सिद्ध हनुमान मंदिर टेकडी हनुमान दफाई दमुआ मंदिर में श्रवण मास से लेकर आगामी दिनों तक प्रति सप्ताह के हर सोमवार से मंगलवार तक अनवरत 24 घंटे का अखण्ड रामायण का आयोजन चल रहा है जो कि हर सप्ताह निरन्तर चलता रहेगा श्री श्री सिद्ध हनुमान मंदिर टेकडी दमुआ में प्रतिमाह की 20 तारीख को मासिक पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम पूर्णाहुति आरती प्रसादी भण्डारे का आयोजन भी किया जाता है। ज्ञात हो कि सम्पूर्ण धार्मिक कार्यक्रम पंडित आचार्य श्री रुद्री महाराज जी के सानिध्य में सम्पन्न होते है अतः आप समस्त धर्म प्रेमियों भक्त श्रद्धालुओं भक्तजनो सनातनी ये श्री श्री सिद्ध हनुमान मंदिर टेकडी समिति दमुआ आप समस्त भक्तजनो से आग्रह करती है कि पुनीत धार्मिक कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनायें। 24 घण्टे का अखण्ड रामायण का कार्यक्रम अनवरत आगामी समय चलते रहेगा आप सभी भक्तगण धार्मिक कार्यक्रम में सहभागी बने और पूण्य लाभ भी अर्जित करें।

## नशा मुक्त ग्राम बनाने हेतु लिया गया संकल्प

**दमुआ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जुन्नारदेव की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नांदना परिवर्तित संस्था (जन मानस सामाजिक विकास संस्थान नांदना) सेक्टर क्रमांक 4 दमुआ के अंतर्गत ग्राम नांदना में बैठक आयोजित की गयी जिसमे ग्राम के लोगो को नशे से होने वाली विभिन्न प्रकार के रोग के विषय में सभी मिलकर चर्चा की आज नशा हर घर में करना आम बात हो गयी है इसे छुटकारा पाना बहुत जरूरी है नसे से कई प्रकार की हानियों हो रही है कई घर बर्बाद हो रहे है हमे अपने ग्राम को नशा मुक्त बनाने हेतु सभी आमजनों के द्वारा चर्चा की गयी तथा सभी ने बड़े गम्भीरता पूर्वक निर्णय लिया की इसकी शुरुआत अपने अपने घरों से की जाये की जो नशा करते है ऐसे लोगो का चिन्हांकन कर उन्हे नशा मुक्त करने हेतु प्रेरित किया।

# गौरव दिवस के रूप में मनाई जंगल सत्याग्रह की वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

गुरुवार को जंगल सत्याग्रह की 95 वी वर्षगांठ को गौरव दिवस के रूप में मनाया। सांदीपनि विद्यालय सौसर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना में स्थित एनसीसी युनिट 24 एमपी बटालियन ने जंगल सत्याग्रह की वर्षगांठ पर सर्वप्रथम सांदीपनि विद्यालय में स्थित स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं रैली के रूप में गगनभेदी नारों के साथ एसडीएम कार्यालय के समक्ष स्थित जयस्तंभ के पास पहुंचकर जय स्तंभ पर शहिदों एवं जंगल सत्याग्रह में भाग लेने वाले घोषित अघोषित जंगल सत्याग्रहियों को पुष्पांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में जनपद पंचायत सौसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रफुल्ल लव्हाये, सहायक उपसंचालक रश्मि कुसरे, पीकेएस गुर्वे,सुनिल तिवारी, दिनकर पातुरकर, सांदीपनि विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शैलजा बत्रा, श्रीमती वंदना गुप्ता,अरविंद उईके, एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी विश्वेश्वर रंगारे, निलम खडसे, अरविंद धुंडे आदी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद उईके आभार प्रदर्शन श्रीमती वंदना गुप्ता ने किया,इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय सौसर में बौध्दिक सत्र के दौरान जंगल सत्याग्रह के इतिहास पर संगोष्ठी संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों ने लिया भंडारे का लाभ

**छिंदवाड़ा।** परम पूज्य संत आशाराम जी बापू की पावन प्रेरणा से लिंगा आश्रम में प्रति माह भण्डारे का आयोजन सम्पन्न होता हैं । जिसमें आश्रम के आसपास के ग्रामों के सैकड़ों गरीब परिवारों को अनाज , राशन और जरूरत की सामग्री भेंट की जाती हैं । इसी कड़ी में आज लिंगा आश्रम में भण्डारे का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर साध्वी रेखा बहन का दिव्य सत्संग भी हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गरिमा प्रतीक दामोदर , नगर निगम के सभापति और कुन्बी समाज के जिलाध्यक्ष चंद्रभान देवरे , जिला पंचायत की सदस्य ललिता घोगें , अंत्योदय समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष विलास घोगें , महिला मोर्चा की महा मंत्री मीना ढुबे ,भाजपा के कद्दावर नेता शरद बेंड़े , सुरेश कराडे , देवराव जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे । इस सेवाकार्य से लगभग 9 हजार से अधिक जरूरतमंद लाभान्वित हुए । सभी मुख्य अतिथियों ने आम लोगों के साथ मघा नक्षत्र के जल से बना स्वास्थ्यवर्धक भोजन प्रसादी भी ग्रहण किया । इस दैवीय कार्य में साध्वी प्रतिमा बहन , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , दामोदर इंगले , सुभाष इंगले , अशोक कराडे ,दुर्गेश सोनारे, दिनेश कोल्डे,डिगरसेजी,नारायण ताम्रकार , अशोक मोरे , रामराव लोखंडे , कैलाश राउत , गोवर्द्धन मालवीय , गेंदराव कराडे , रामेश्वर करमेले ,शिवहरेजी, महिला समिति से प्रीती सोंनारे , रुपाली इंगले ,दया परसाई ,आशा इंगले , विमल शेरके आदि ने अपनी - अपनी सेवाएं दी।

# राजस्व प्रकरण निपटारे में पांढुर्ना प्रदेश में छठे स्थान पर

## सौंसर एसडीएम को कार्य में तेजी लाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कलेक्टर अजय देव शर्मा ने आज बैठक में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियां को जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि पांढुर्ना जिला राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण में प्रदेश में 6 वें स्थान पर है। कलेक्टर महोदय ने अधिकारियों की सराहना करते हुए हिदायत दी कि भविष्य में प्रत्येक प्रकरण को प्राथमिकता देकर निराकरण किया जाए। सौंसर के अनुविभागीय अधिकारी को रिकॉर्ड सुधार प्रकरणों में गति लाने को कहा गया। राजस्व न्यायालय लोधिखेडा का निराकरण प्रतिशत कम पाए जाने पर ना. तहसीलदार लोधिखेडा को भी कार्य में गति लाने को कहा गया। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना को ग्रामीण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए जिले में कुल 244 प्रकरणों में से केवल 188 के अंतिम प्रकाशन पर नाराजगी जताई। शेष प्रकरणों के निराकरण के लिए कलेक्टर महोदय ने अधिकारियों को 3 दिन का समय प्रदान किया। निश्चित समय सीमा में अधिकतम राजस्व वसूली किए जाने की बात कलेक्टर ने कही।

## लोधीखेड़ा स्कूल में हुआ साइकिल वितरण कार्यक्रम

**सौंसर।** गुरुवार को नगर लोधीखेडा स्थित सी.एम. राइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विजय चौरे, पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड, लोधिखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष अर्चना वीरेंद्र जायसवाल भाजपा नेता संतोष जैन,नप उपाध्यक्ष नंदू राय,भाजपा नेता लीलाधर बागड़े, दिनेश रायकवाड,होमदेव वंजारकर,आदि थे।साइकिल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड ने कहा की मध्य प्रदेश सरकार एवं शिक्षा विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं को बेहतर एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध हो सके इस देश को लेकर निरंतर कार्य करते हुए छात्र-छात्राओं को गणवेश साइकिल स्कूटी लैपटॉप पुस्तक अब यहां तक के विदेश में पढ़ने के लिए भी अवसर दिए जा रहे है। आज मुझे बच्चों के चेहरे पर खुशी देखकर मन खुश हो गया है,यह साइकिल केवल साधन नहीं बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य, आत्मनिर्भरता और शिक्षा की ओर बढ़ते कदम का प्रतीक है। छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास ओर उज्जवल भविष्य के लिए सरकार रात दिन काम में कर रही है।ईश्वर से प्रार्थना है कि ये सभी विद्यार्थी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर समाज और देश का नाम रोशन करना चाहिए,आयोजन में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राए उपस्थित थे।



# दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया(मीराताई आंबेडकर) द्वारा धम्म का कारवां निरंतर गतिमान किया जा रहा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारतीय बौद्धों की एक मात्र राष्ट्रीय धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया अर्थात भारतीय बौद्ध महासभा के माध्यम से बौद्ध धम्म का कारवां निरंतर गतिमान किया जा रहा है, जिसमें संस्था के प्रशिक्षण शिविर जैसे-कार्यकर्ता,अंधश्रद्धा, व्यक्तिमत विकास,श्रामणेर/श्रामनेरी,समता सैनिक दल का सैनिक,युवक,युवती,दस दिवसीय उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविरो,धम्म सम्मेलनो धम्म यात्राएं और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से धम्म के कार्य सम्पन्न किए जा रहे हैं।वर्तमान में संस्था की राष्ट्रीय संरक्षक बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जी की पुत्रवधु आ द . म हा उ पा सि का मीराताई जी आंबेडकर एवं राष्ट्रीय कार्याध्यक बाबासाहेब के पौत्र परम आद.डॉ.भीमराव यशवंत राव आंबेडकर साहेब मुंबई है।डॉ.भीमराव साहेब के निर्देशानुसार मप्र राज्य शाखा द.के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढ़ेंगरे जी(बालाघाट)मप्र में अपनी कार्यकारिणी के साथ धम्म का कारवां निरंतर गतिमान कर रहे है।बालाघाट जिला एवं बैहर तहसील के कुछ शरारती लोगों द्वारा भ्रामक प्रचार कर धम्म बंधुओं को यह बताया जा रहा की ढ़ेंगरे जी को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाकर किसी अन्य व्यक्ति प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है,यह कृत्य संस्था एवं धम्म विरोधी लोगों का है एवं वह अन्य संस्थाओं को लाने का प्रयास कर हैं,ढ़ेंगरे जी संस्था के माध्यम से धम्म का कार्य निरंतर गतिमान करने में लगे हुए हैं सभी धम्मबंधु ऐसे भ्रामक प्रचार से सावधान रहे एवं धम्म संस्था के माध्यम किए जाने वाले धम्म कार्यों में हमेशा सहयोग करें।

# चोरपिंडकेपार से मिरगपुर सड़क क्षतिग्रस्त, सुधार करने की मांग समाजसेवी शरद पांडे ने सौपा पत्र

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी कटंगी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चोरपिंडकेपार से मिरगपुर सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है । जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है । मार्ग को दुरुस्त करने की मांग को लेकर कुम्हली के समाजसेवी शरद पांडे के द्वारा जिला प्रशासन को जन सुनवाई में अनुरोध पत्र सौप कर समस्या से अवगत कराया एंव सड़क सुधाने की मांग की । बताया की यह सड़क चोरपिंडकेपार से मिरगपुर तक जर्जर और क्षतिग्रस्त हो गई है। मार्ग के मध्य जंगल में पहाड के ऊपर सड़क में डामर की परत उखड कर गिट्टी निकल गई है और जगह जगह गड्डे हो गए, जिसक कारण आवाजाही प्रभावित होती है.एवं दुर्घटना होने की संभावना निर्मित होती है ।यह मार्ग लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है । जो क्षतिग्रस्त हो गया है । मार्ग से कटोरी, कुम्हली, भौरगढ, चोरपिंडकेपार, मोहगांव ,मिरगपुर सहित अंचल के राहगीर सफर तय करते हुए अपने गंतव्य की ओर जाते है।। राहगीरो के सुहलित के लिए सड़क दुरस्त करने की मांग की गई ताकी आने जाने वाले राहगीरो को परेशानी न हो ।तथा बिरसोल और मोहगांव के मध्य नाले पर बना पुलिया बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो गया है जिसको दुरस्त करने की मांग की गई ताकि आने जाने वाले राहगीरो को सुहलित हो सके।

## 1 लाख 18 करोड़ की राशि की वसूली होगी आरआरसी के माध्यम से

# पीएम आवास योजना के 85 हितग्राहियों को नोटिस जारी

## राशि लेकर नहीं किया हैं आवास का निर्माण




हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जिन हितग्राहियों ने आवास निर्माण के लिए नगरपालिका परिषद वारासिवनी से राशि लेने के बावजूद भी मकानों का निर्माण नहीं किया हैं और ना ही नोटिसों के बाद भी राशि वापस की हैं, ऐसे हितग्राहियों पर अब प्रशासन की वक्र दृष्टि पड़ गई हैं। एसडीएम कार्यालय से अब ऐसे हितग्राहियों को ली गई रकम को वापस करने के लिए आरआरसी के तहत नोटिस जारी कर 10 दिनों का समय दिया गया हैं। इन 10 दिनों के अंदर यदि हितग्राहियों द्वारा रकम वापस नहीं की जाती हैं, तो फिर उनके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जा सकती हैं।

### रकम ले ली, मकान का निर्माण नहीं किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा नगर में सैकड़ों कच्चे मकान धारकों को पक्के मकान बनाने के लिए योजना का लाभ दिलवाया गया हैं। जिसमें से कुछ हितग्राहियों द्वारा इस योजना के तहत मिली हुई राशि का दुरुपयोग करते हुए मकानों का निर्माण नहीं किया गया हैं। जिसको लेकर नगरपालिका परिषद द्वारा ऐसे हितग्राहियों को मकान निर्माण करने या फिर राशि वापस करने के लिए कई नोटिस भेजे गए, किंतु इन हितग्राहियों ने ना तो मकान का निर्माण किया और ना ही रकम वापस की।

### एक से लेकर ढ़ाई लाख तक की राशि दी हैं नगरपालिका ने

जिसके बाद नगरपालिका परिषद ने इन हितग्राहियों से वसूली के लिए 15 वार्डो के लगभग 85 हितग्राहियों के नाम शासन के माध्यम से एसडीएम कार्यालय को भेज दिये। इन हितग्राहियों में किसी को एक लाख रुपये, किसी को 2 लाख रुपये और किसी को ढ़ाई लाख रुपये की पूरी राशि प्रदान कर दी गई हैं। इस प्रकार 85 हितग्राहियों से लगभग 1 करोड़ 18 लाख रुपये की राशि वसूल की जानी हैं।

### मकान निर्माण नहीं हुए और पूरी ढ़ाई लाख रुपये की राशि दे दी नपा ने

अब यहाँ सोचने वाली बात यह हैं कि इस योजना के तहत 50 हजार रुपये की अंतिम किस्त की राशि का भुगतान मकान का निर्माण पूर्ण होने के बाद किया जाता हैं। यदि हितग्राही का मकान पूर्ण नहीं हुआ था या उसने मकान का निर्माण नहीं किया था, तो फिर नगरपालिका परिषद के अधिकारियों ने ढ़ाई लाख रुपये की पूरी राशि किस आधार पर हितग्राही के खाते में जमा करवा दी थी?

### बड़े नामदारों के भी बकाया सूची में हैं नाम

विदित हो कि इन 85 बकायादारों में शहर के नामी गिरामी लोगों के नाम भी शामिल हैं, नगरपालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों ने अलग-अलग फेस में एक ही परिवार के दो लोगों को भी इस योजना का लाभ देते हुए उनके खाते में प्रथम किस्त के रुप में एक-एक लाख रुपये की राशि जमा करवा दी है। लेकिन इन हितग्राहियों का पहले से ही पक्का मकान होने के कारण उन्होंने इस राशि का अपने व्यक्तिगत खर्च में इस्तेमाल कर लिया और आवास का निर्माण नहीं किया और ना ही परिषद को राशि वापस लौटाई हैं।

### 10 दिन के भीतर पीएम आवास की राशि वापस करें हितग्राही

एसडीएम कार्यालय से जारी सूचना पत्र में उल्लेख है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी ने मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 146 के अधीन प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत प्राप्त राशि को इस सूचना पत्र की प्राप्ति से 10 दिन के भीतर शास्ति एवं आदेशिका फीस 20 रुपये सहित उक्त रकम नहीं चुकाई, तो आपके विरूद्ध प्राप्त रकमों की वसूली के लिये विधि अनुसार बलात कार्यवाही की जायेगी। पेशी दिनांक को संबंधित बैंक या नगरपालिका परिषद वारासिवनी में राशि जमा कर स्वयं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर रसीद पेश करें अन्यथा बकाया राशि की वसूली बलपूर्वक की जावेगी।

### 85 हितग्राहियों से राशि वसूली के लिए एसडीएम ने किया हैं नोटिस जारी- सूर्यप्रकाश उके प्र. सीएमओ नपा वारासिवनी

नगरपालिका परिषद द्वारा 5 डीपीआर के माध्यम से हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत मकान निर्माण के लिए राशि आवंटित की गई थी। जिसमें से लगभग 85 हितग्राहियों द्वारा मकानों का निर्माण नहीं किया गया हैं। जिसके कारण उनसे वसूली के लिए पत्र एसडीएम कार्यालय भेजा गया था। जहाँ से हितग्राहियों को नोटिस जारी हुए हैं। जिसके बाद लगभग 12 हितग्राहियों द्वारा राशि जमा करवा दी गई हैं। यदि शेष हितग्राही भी राशि जमा करवा देते हैं, तो उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी, अन्यथा शासन के नियमों के तहत उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## कीट प्रबंधन कार्यशाला में शत्रु कीट व मित्र कीट की पहचान पर हुई चर्चा

**बालाघाट।** भारत सरकार के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र इंदौर कार्यालय द्वारा ग्राम थानेगांव के किसानो को वारासिवनी स्थित आजीविका भवन में कीट प्रबंधन सिद्धांतों पर 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में अधिकारियों द्वारा एकीकृत कीट प्रबंधन के सिद्धांतों पर चर्चा की गई। इस दौरान सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी हेमंत आर्या एवं अवेंद्र कुमार यादव तथा संजय दीक्षित वैज्ञानिक सहायक शामिल थे। कार्यशाला में शत्रु कीट व मित्र कीट की पहचान, रासायनिक जहरील उत्पादों की जगह सुरक्षित प्राकृतिक जैविक उत्पादों के प्रयोग व उनके घर पर उत्पादन करने की विधि पर सार्थक परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में थानेगांव के 40 किसानों की भागीदारी रही। मध्यप्रदेश शासन के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप संचालक श्री फूलसिंह मालवीय के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है - डॉ. आमीर सिद्धिकी

# मुस्लिम मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी बालाघाट के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले जिले के मेघावी मुस्लिम छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम बैहर रोड स्थित अंजुमन शादी हाल में गत दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें बडी संख्या में मुस्लिम समाज के पुरूष एवं महिलाओं के साथ छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कुल 78 छात्र-छात्राओ का सम्मान किया गया जिसमें दोनों वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले स्टूडेंट को क्रमशः 5000, 3000 व 2000 रूपये की नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र के साथ अन्य छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व कम्प्यूटर बैग वितरण करके उनका उत्साह वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएसटी कस्टम नारकोटिक्स डिप्टी कमीशनर नागपुर डॉ. एम. आमीर सिद्धिकी एवं उनकी पत्नी संयुक्त आयुक्त इनकम टेक्स नागपुर फारिया एजाज एवं सीएम राईस स्कूल के उपप्राचार्य साजिद मोहिद डॉ. रफीक खान, इंजी. इकबाल मंसूरी सहित अन्य की उपस्थिति प्रमुख रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी कमीशनर डॉ. सिद्धिकी, संयुक्त आयुक्त श्रीमती एजाज एवं सीएम राईज स्कूल के उपप्राचार्य मोहिद ने मुस्लिम मेघावी छात्र छात्राओं एवं उपस्थित नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में प्रगति के लिये शिक्षा सबसे बड़ा साधन है। हर माता पिता का एक कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा दिलाने का प्रयास करें। पूर्व की तुलना में वर्तमान समय मुस्लिम समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे है। इसका उदाहरण आज सम्माननीत हो रहे 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली स्टूडेंट है। वक्ताओं ने कहा कि सफलता पाने के लिये सबसे पहले लक्ष्य तय करना जरूरी है। उस पर फोकस करके मेहनत करनी चाहिये। बहानेबाजी से काम नहीं चलता। आज इंटरनेट व डिजिटल संसाधनों के कारण शिक्षा ग्रहण करना आसान हो गया है। इसलिये इसका सही उपयोग कर हर स्टूडेंट अपने भविष्य को उज्जवल बना सकता है।



आयोजित कार्यक्रम के दौरान 10वीं कक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक लाने वाले कु. नौरिन फातिमा कुरैशी, कु. अलिशा खान 97.4 प्रतिशत और आयशा फिरदौस 95.2 प्रतिशत सहित 47 स्टूडेंट एवं कक्षा 12वीं में 93.8 प्रतिशत अंक लाने वाली अलविना शेख, 93.6 प्रतिशत अंक लाने वाली साहिरा अंजुम एवं 91 प्रतिशत अंक लाने वाले निलोफर कुरैशी सहित कुल 21 बच्चों को पुष्प गुच्छ, प्रमाण पत्र, स्कूल बैग, स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को नगद इनाम के रूप में रूपये 5000, 3000 व 2000 रूपये की राशि प्रदान की गई। इस आयोजन में मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी के सभी पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समिति द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य मुस्लिम समुदाय के नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए अपेक्षा की गई है कि उनका यह स्नेह व सहयोग भविष्य में भी प्राप्त होता रहेगा।

## थानेदार रघुवंशी की शानदार नाकाबंदी, जाल में फस गये आरोपी

# गांजा तस्कर को बहेला पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले की बहेला पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी छत्तीसगढ़ से गांजा ला रहे थे। पुलिस ने उनके पास से करीब 3.878 किलो गांजा, एक बाइक और मोबाइल फोन जब्त किया है।

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रामकुमार रघुवंशी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक गांजा लेकर आने वाले हैं। इस पर पुलिस ने वारीजोड़ इलाके में नाकाबंदी की। थोड़ी देर बाद दो युवक बाइक पर आते दिखे। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो वे भागने लगे। लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान विमल कावड़े (30), निवासी हट्टा और रौनक गजभिए (29), निवासी सालेटेका के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया गया है।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक हेमंत शर्मा और आरक्षक सुरेश पांचे, राजकुमार सिसोदिया, संजय, सुनील, सौरभ और शुभम शामिल थे।



## बच्चो के विवाह से पहले कुण्डली नही सिकलसेल कार्ड का मिलान करें - राज्यपाल

# राज्यपाल पटेल ने बैहर में महाआरोग्य शिविर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जनजातीय समुदाय में अनुवांशिक सिकलसेल बीमारी बहुतायत में पाई जाती है। इस बीमारी के रोकथाम के लिये बच्चों के विवाह से पहले जिस तरह कुण्डली मिलाई जाती है उसी तरह बच्चो के सिकलसेल कार्ड का मिलान करना चाहिये। यदि लड़का और लड़की दोनो सिकलसेल के वाहक है तो उनकी आपस में शादी न करायें। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 21 अगस्त को बालाघाट जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के एकलव्य विद्यालय परिसर बैहर में आयोजित महा आरोग्य शिविर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक श्री गौरव पारधी, श्री राजकुमार कर्राहे, पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, पूर्व विधायक श्री भगतसिंह नेताम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, नगर परिषद बैहर की अध्यक्ष श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम, नगर पालिका मलांजखण्ड के अध्यक्ष श्री मानसिंह मेरावी, अन्य जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अन्य विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुये कहा कि बैहर जैसे स्थान पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना एक सराहनीय प्रयास है। इसका लाभ इस क्षेत्र की आदिवासी जनता को मिलेगा। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को जनता के बीच जाकर शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना चाहिये। केन्द्र और प्रदेश की सरकार समाज के हर वर्ग की बेहतरी और कल्याण के लिये योजनाएँ बना रही है। आयुष्मान कार्ड पर 05 लाख रूपये तक का इलाज मुफ्त में किया जा रहा है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये स्व-सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार मूलक की गतिविधि से जोड़ा जा रहा है। इससे गरीब महिलाएँ लखपति बन रही है। समूहों की महिलाओं को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण देकर ड्रोन दीदी के नाम से नई पहचान दिलाई जा रही है। उज्जवला योजना में गरीब परिवार की महिला को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। केन्द्र और राज्य सरकार गरीब लोगो को पक्का मकान बनाकर दे रही है। स्वच्छता अभियान में हर गरीब के घर पक्के शौचालय बनाये जा रहे है। केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से गरीबो का जीवन संवर रहा है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजातीय बैगा, भारिया और सहरिया रहती है। इन जनजातियों के विकास के लिये पीएम जनमन योजना लागू की गई है। इस योजना में केन्द्र सरकार द्वारा 24 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना में 09 विभागो के कार्यो को शामिल किया गया है। इसी प्रकार जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों के विकास के लिये धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना लागू की गई है। इस योजना में 80 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना में केन्द्र सरकार द्वारा 70 प्रतिशत और राज्य सरकार द्वारा 30 प्रतिशत राशि दी जा रही है। इस योजना में 18 विभागों के कार्यो को शामिल किया गया है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकलसेल की बीमारी आदिवासी क्षेत्रों में पायी जाती है इसके 95 प्रतिशत मरीज आदिवासी समुदाय से आते है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2047 तक इस बीमारी के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। 2047 में कोई भी बच्चा सिकलसेल से ग्रसित पैदा नही होना चाहिये इस लक्ष्य को लेकर केन्द्र सरकार ने इस बीमारी के उपचार के लिये 15 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। बालाघाट जिले का उल्लेख करते हुये उन्होने कहा कि यहां पर सिकलसेल की पहचान के लिये 04 लाख 36 हजार 818 लोगो की जांच की गई है, इसमें 5426 व्यक्ति सिकलसेल वाहक एवं 1782 सिकलसेल के मरीज पाये गये है। यह एक आनुवांशिक बीमारी है और माता-पिता से बच्चे में आती है। यदि लड़का और लड़की दोनो सिकलसेल के वाहक है तो उनकी आपस में शादी कदापि न करें। यदि कोई बच्चा सिकलसेल से ग्रसित है तो उसको उपचार की सुविधा है। भोपाल एवं इंदौर में ऐसे बच्चो का उपचार किया जा रहा है। यदि हम बच्चों को सिकलसेल से बचाने का कार्य करते है तो यह एक बहुत बड़ा पुण्य होता है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि इस वनांचल क्षेत्र में औषधी पौधों से दवाई बनाने का कारखाना लगाने के लिये वे भी शासन स्तर पर प्रयास करेंगें।

सांसद श्रीमती भारती पारधी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि बैहर जैसे स्थान पर महाआरोग्य शिविर का आयोजन होना हम सबके लिये शौभाग्य की बात है। स्वास्थ्य शिविर प्रायः बड़े शहरों में लगाये जाते रहें है। मेरा प्रयास था कि वनांचल क्षेत्र में आदिवासी जनता की सेवा के लिये स्वास्थ्य शिविर लगाया जाये आज उनका यह प्रयास सफल रहा है। इस शिविर में सिकलसेल के साथ ही एनीमिया, रक्त जांच, आखों की जांच, कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरण एवं अन्य सभी बीमारियों की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होनें कहा कि पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे ने वनांचल क्षेत्र में वनोषधियों की खोज एवं सरक्षण के लिये प्रयास किया था अब हमारा प्रयास है कि इस क्षेत्र में औषधीय पौधों से दवाई बनाने का कारखाना इस क्षेत्र में स्थापित किया जावें।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल ने सिकलसेल से पीड़ति बैहर की युवती गौरी विश्वकर्मा को दिव्यांग प्रमाण पत्र, वनाधिकार अधिनियम के अन्तर्गत घुरसीबहरा एवं मुरैण्डा के हितग्राहियों को सामुदायिक वन पट्टा तथा लातरी के हीरालाल, बिसनलाल एवं फुलचंद को व्यक्तिगत वन पट्टा प्रदान किया। आजीविका मिशन के अन्तर्गत 34 महिला समूहों को 1.06 करोड़ रूपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग की ओर से 2 हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन एवं दिव्यांग पेशन तथा कृषि विभाग की ओर से 02 हितग्राहियों को फसल बीमा दावा राशि व कृषि यंत्र की अनुदान राशि वितरित की गई।

## प्रीमैट्रिक वाले 31 अगस्त व मैट्रिक वाले विद्यार्थी 31 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

**वारासिवनी**। केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट, लौह मैग्नीज, क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए छात्रवृत्ति दी जायेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए बिड़ी औषधालय वारासिवनी की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुप्रजा ने बताया कि इस योजना के तहत मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में कक्षा पहली से लेकर उच्च शिक्षा तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को एक हजार रुपये से 25 हजार रुपये तक छात्रवृत्ति की स्वीकृति दी गई है। उप कल्याण आयुक्त श्रम कल्याण संगठन जबलपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 02 जून से प्रारंभ हो गई है।

# सांप काटने के बाद तुरंत मिला इलाज, बची जान

***वनकर्मी ने पवन आर्मो को तत्काल पहुंचाए हॉस्पिटल; झाड़-फूंक से दूर रहने की अपील***

हरिभूमि न्यूज उकवा।

बालाघाट जिले के परियोजना परिक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक 1818 में निंदाई का कार्य कर रहे एक व्यक्ति को जहरीले सांप ने काट लिया। लेकिन समय पर सही दवाई मिल पाने से उसकी जान बच गई। बैहर हॉस्पिटल में कराया गया इलाज। उन्हें एंटी वेनम दिए गए। साथ ही फ्लूड भी दिया गया अब उनकी स्थिति में सुधार है और वे खतरे से बाहर हैं। दिनांक 18 अगस्त को परियोजना परिक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक 1818 में वृक्षारोपण क्षेत्र में पवन आर्मो अन्य मजदूर के साथ काम कर रहा था तभी उसे वहां एक सांप ने काट दिया जिसकी सूचना मजदूरों द्वारा चूरन कुमार मड़ावी परियोजना सहायक को दी गई जिसके बाद , परियोजना सहायक द्वारा इसकी जानकारी सर्पमित्र सचिन पदमें, वनरक्षक को दी गई जिन्होंने मरीज को तत्काल हॉस्पिटल ले जाने हेतु कहा। परियोजना सहायक चूरन मड़ावी द्वारा तत्काल मरीज को शासकीय स्वास्थ्य केंद्र बैहर लेजाया गया जहां ट्रीटमेंट के पश्चात व्यक्ति की सकुशल जान बच गई। सचिन पदमें, वनरक्षक वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य द्वारा बताया गया कि वे श्रीमती नेहा श्रीवास्तव वनमण्डलाधिकारी उत्तर बालाघाट सामान्य के निर्देशन में लगातार सर्प रेस्क्यू का काम कर रहे है इनके द्वारा लोगों से अपील की है कि सांप काटने पर झाड़फूंक न कराएं। इसके बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराएं। डॉक्टरों के अनुसार देरी से इलाज कराने पर जान का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों को जमीन पर सोने से भी मना किया है, बाहर निकलते समय पर्याप्त उजाला, पैरों में जूते और घर के आसपास साफ सफाई रखने अपील किया है।



### इनका कहना है

जब मुझे सूचना मिली कि सर्प ने एक व्यक्ति को काटा है तो मैने सांप की फोटो और काटे गए अंग की फोटो सचिन पदमें वनरक्षक को भेजा उनके द्वारा बताया गया कि विषैला सर्प बम्बू पीट वाइपर है मरीज को तत्काल हॉस्पिटल लेकर जाए और मैं जयप्रकाश मड़ावी, वनरक्षक के साथ तत्काल हॉस्पिटल लेकर गया।

**चूरन कुमार मड़ावी**
**परियोजना सहायक**

# ऑनलाइन प्रक्रिया से पोस्टमार्टम में देरी कीटनाशक छिड़काव के बाद युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के चांगोटोला थाना क्षेत्र में एक किसान की कीटनाशक छिड़काव के बाद मौत हो गई। नागरवाड़ा के रहने वाले 44 वर्षीय नंदकिशोर पटले ने बुधवार को अपने खेत में कीटनाशक का छिड़काव किया था।

खेत से लौटने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें पहले लामता अस्पताल ले गए। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार देर रात जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतक के पोस्टमॉर्टम में देरी को लेकर परिजनों में आक्रोश है। उन्हें सुबह 11:30 बजे तक पोस्टमॉर्टम के लिए इंतजार करना पड़ा।



सीएचएमओ के हस्तक्षेप के बाद ही महिला चिकित्सक पोस्टमॉर्टम के लिए तैयार हुई।

अस्पताल में नई ऑनलाइन प्रक्रिया लागू की गई है। इसके तहत मौत की जानकारी सॉफ्टवेयर में फीड होने और मैसेज आने के बाद ही चिकित्सक पोस्टमॉर्टम कर सकते हैं। पहले ऑफलाइन प्रक्रिया में पोस्टमॉर्टम में डेढ़ से दो घंटे का समय लगता था।

मृतक के भाई विजय पारधी ने इस देरी की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया में सुधार की जरूरत है। परिजनों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है।

# शा.हाईस्कूल सुनारककोड़ी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई कृष्णाजन्माष्टमी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। बालाघाट जिले के लाँजी क्षेत्र के ग्राम सुनारककोड़ी के शास.हाई स्कूल में शासन के निर्देशानुसार 16 अगस्त 2025 को कृष्ण- जन्माष्टमी पर्व का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया । यह कार्यक्रम एसएमडीसी अध्यक्ष महेंद्र रंगारी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया । सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण के छायाचित्र के समक्ष विशिष्ट अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई तथा पुष्प अर्पित किए गए । तत्पश्चात विद्यालय प्रभारी एम.एल.एड़े द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किए गए । विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों द्वारा भी बारी-बारी से भगवान श्री कृष्ण के छायाचित्र की पूजा अर्चना की गई और पुष्प अर्पित किए गए । छात्र एवं छात्रा प्रतिनिधियों द्वारा भी पूजा अर्चना की इस बेला में सक्रिय रूप से भाग लिया गया और भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र के सपक्ष पुष्प अर्पित किए गए । तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षकों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र पर सारगर्भित रूप से प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से देवकीनंदन श्रीकृष्ण जी की वंदना प्रस्तुत कर प्रसाद एवं मिष्ठान्न वितरित किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एन.गजभिये,हितेश कटरे,संजय सोनवाने,प्रमोद भिमटे,संगीता घोरमारे, कपिल पटले,सुभाष मेन्ढे (ठेकेदार)तथा विद्यालय में अध्ययनरत अनेक छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें ।



# तहसील व अधिकारियों के बंगलों पर कोटवारों की ड्यूटी बंद करने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

कोटवार वेलफेयर सोसायटी संघ भोपाल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश वासनिक के नेतृत्व में बालाघाट जिले के कोटवारों ने कलेक्टर बालाघाट की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर बालाघाट को एक ज्ञापन सौंपकर कोटवारों की रात व दिन की ड्यूटी नहीं लगाने की मॉग की हैं।

संघ के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश वासनिक ने बताया कि प्रदेश भर में अधिकारियों द्वारा कोटवारों के साथ ना इंसाफी की जा रही हैं। जिसके खिलाफ संगठन द्वारा प्रदेश भर में अभियान चलाया जायेगा और उग्र आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोटवारों की ड्यूटी रातों में तहसीलों में व अधिकारियों द्वारा अपने निजी बंगलों में बेवजह लगाई जाती हैं। जबकि शासन द्वारा कोटवारों की ड्यूटी गॉव के लिए निर्धारित हैं। निजी बंगलों व तहसीलों में ड्यूटी लगाई जाने से कोटवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

इस संबंध में कलेक्टर बालाघाट के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर बालाघाट को सौंपा गया हैं, जिसमें जिनी बंगलों व तहसीलों में ड्यूटी से राहत चाही गई हैं। इस मौके पर कैलाश पटले, ओम प्रकाश मेश्राम, सिद्धार्थ वासनिक, सुनील पटले, शिवकुमार धुर्वे, मिथुन गजभिये, योगेंद्र भोयर, धनेंद्र खोब्रागड़े एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्री वासनिक ने पूरे प्रदेश के अपने संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों से अपील की हैं कि वह भी अपनी-अपनी तहसीलों में इस संबंध में तहसीलदारों व अनुविभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौपे।

# जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी ने शासकीय मॉडल स्कूल बैहर का किया निरीक्षण

## सुपर 100 में चयन के लिए आशीष एवं प्रियाराज को शील्ड देकर किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्वनी उपाध्याय एवं डीपीसी श्री घनश्याम बर्मन द्वारा 21 अगस्त को शासकीय मॉडल स्कूल बैहर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 85 प्रतिशत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पायी गई। इस दौरान उन्होंने संस्था द्वारा किये गये कार्य एक पेड़ माँ के नाम की सराहना की। इस दौरान शिक्षक श्री ज्ञानीराम खोबरागड़े, श्रीमति वर्षा रानी सिंगॉर, कुमारी प्रीति पटले, श्रीमति गौतमा उके समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री सुनील कुमार खोब्रागड़े द्वारा बताया गया कि संस्था से इस वर्ष कक्षा 10वी उत्तीर्ण छात्र आशीष रावतकर एवं छात्रा कुमारी प्रियाराज पटले का शासन की विशिष्ट योजना अन्तर्गत सुपर 100 में चयन हुआ है। इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय एवं डीपीसी श्री बर्मन द्वारा दोनो विद्यार्थियों को शील्ड एवं पेन देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान दोनो ही अधिकारियों ने कक्षा में जाकर सभी बच्चों को परीक्षा में सफल होने के टिप्स भी प्रदाय किये।



# टेकाडीघाट में किसान संघ के तत्वावधान में बैठक का हुआ आयोजन, संगठन के विस्तार पर हुआ विचार विमर्श

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी**। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ एंव किसान गर्जना संगठन के तत्वावधान में खैरलांजी कटंगी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकाडीघाट के बाबा गोसाई देव मंदिर परीसर में 21 अगस्त गुरुवार को बैठक आयोजित कर बलराम जयंति मनाई गई। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारीयो के द्वारा संगठन के विस्तार एंव गठन पर चर्चा की गई साथ ही ग्रामीण स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारीयो ने किसानो की स्थिती पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा की कृषक खेत में दिन रात मेहनत करने के बाद भी समृद्ध नही है। आथिर्क तौर से मजबूत नही है। साथ ही सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की सरकार के द्वारा कृषको से किए वादे अबतक पुरे नही किए गए। धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल अबतक नही किया जा रहा है। रासायनिक उर्वरक की कीमत में बढौतरी हूई है । बावजूद समितीयो में पर्याप्त रूप से खाद उपलब्ध नही है। जो कृषको के लिए चिंता का विषय है। कहा की कृषक संगठित और एक होकर अपनी समस्याओ के प्रति आगे आए। इस दौरान किसान गर्जना संगठन के ब्लाक समन्वयक कुलदीप पटले ने कहा की कृषक आर्थिक रूप कमजोर है । कृषको को समृद्ध बनाने के लिए क्षेत्र में शुगर मील की स्थापना होनी चाहिए जिससे कृषको की स्थिती मजबूत होगी। अंचल में गन्ने की खेती होती है, शुगर कारखाना लगने से क्षेत्र में गन्ने का उत्पादन बढेगा जिससे कृषको की आर्थिक स्थित सुधरेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला संयोजक ईश्वरी बिसेन, जिला सचिव धनसिंग पटले, कटंगी अध्यक्ष मिनेश पटले ,तहसील अध्यक्ष खुमान सिंह कटरे, जिलापंचायत सदस्य प्रकाश ऊके, समाजसेवी शरद पांडे, कृषक एंव सामाजिक कार्यकर्ता डा.रूपेंद्र क्षीरसागर , किसान गर्जना संगठन ब्लॉक अध्यक्ष भरत लाल बिसेन, ब्लॉक समन्वयक कुलदीप पटले, दीनदयाल कोलते अध्यक्ष किसान संघ येरवाघाट, योगेश क्षीरसागर पूर्व जनपद सदस्य,भैयालाल क्षीरसागर सहित अंचल के कृषक मौजूद रहे।



## शेरपार नाले में बहे दामाद का शव मिला

**बालाघाट**। बालाघाट के शेरपार नाले में बहे 36 वर्षीय अनिल सिरसाम का शव घटना के एक दिन बाद मिला है। अनिल अपने ससुर सुमरन उईके के साथ नाला पार करते समय तेज बहाव में बह गए थे। परसवाड़ा थाना पुलिस के मुताबिक, बुधवार को अनिल और उनके ससुर सुमरन उईके शेरपार से भीकेवाड़ा जा रहे थे। दोनों ने शॉर्टकट रास्ता अपनाया और शेरपार नाले की चट्टानों से होकर गुजर रहे थे, तभी अचानक बारिश के कारण नाले का जलस्तर बढ़ गया और दोनों तेज पानी के बहाव में बह गए।



